आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मोटू पतलू

और

# डर के आगे जीत है



टैक्सा मेरा नाम, टैक्सा मेरा नाम ।
सभी भारतवासियों को मेरा प्रणाम।।
इन्कम टैक्स की हर बात मैं दिल से बतलाऊंगा।
टैक्स देने वालों का मैं दोस्त बन जाऊंगा।।



# मोटू पतलू और डर के आगे जीत है

आयकर निदेशालय (ज.सं.प्र.व प्र.) मयूर भवन, नई दिल्ली की परिकल्पना








तेरे हिसाब से टैक्स ज्यादा बना है वैसे कम बन रहा है।
अब मैं भी इंसान हूं कोई ''टैक्सा'' जैसी मशीन तो हूं नहीं जो गलती ना करें
वाह बेटा, सही जा रहे हो.. यानि 'टैक्सा' की अक्ल को मान गये तुम..
और गलत इंफॉर्मेशन के चक्कर में 'स्क्रूटनी' में फंस गये तो हमारा क्या होगा.. बूहू
उससे क्या होगा। बार बार की गलती से रिटर्न लेट हो रही है.. बार बार डिपार्टमेंट के चक्कर लगाने पड़ेंगे


जब तक 'टैक्सा' है तब तक डरना नहीं है। क्योंकि डर के आगे ही जीत का परचम लहराता है
अच्छा हुआ टैक्सा, आप आ गये। यह घसीटा राम तो हमारा इन्कम टैक्स का मसला गड़बड़ करने जा रहा था
मैंने क्या गलत किया, खुद तुम्हें ना रिफण्ड की जानकारी है, ना टैक्स की डिटेल सही देते हो, खुद डर डर के तो जानकारी देते हो, फिर मुझ पर इल्जाम लगाते हो.
अब डरने की जरूरत नहीं हैं मोटू पतलू .. अब इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट अपडेट, ऑनलाइन और एडंवास हो गया है


यानि अब हमें टैक्स डिटेल्स नहीं भरनी पड़ेगी ?
प्री फिल्ड रिटर्न के माध्यम से आयकर विभाग खुद आपकी फाइल आपके अकाउंट में भेजेगा..
यानि इन्कम टैक्स रिटर्न फाइलिंग के पोर्टल पर जो हमारा अकाउंट है?
बिल्कुल सही पकड़े हैं
यानि हमारे अकाउंट में पहले से भरा आयेगा कि इस साल कितनी इन्कम हुई, कितना टैक्स बकाया है। हमें कुछ भी नहीं करना?
आपको चैक करना है कि जो जानकारी डिर्पाटमेंट ने भरी है वह सही है या आपको कुछ और जोड़ना या घटाना है। अगर लगता है कि टैक्स ज्यादा कटा है तो आप स्वयं ही ऑन लाइन रिटर्न में सुधार कर सकते हो


ओह.. यानि हमें कहीं जाना नहीं है.. ऑनलाइन अप्लाई करके, जो भी सशंय या त्रृटि है वो सुलझा सकते हैं
बिल्कुल, और अगर डिपार्टमेंट को लगता है कि आपकी जानकारी में कोई त्रृटि है तो वो भी मेल के जरिए आपको बतायेगा
जो रिफण्ड बनेगा उसके लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने होगें क्या?
नहीं पतलू, वो खुद ब खुद आपके पैन से जुड़े आपके बैंक अकाउंट में जमा हो जायेगा


मेरे एक दोस्त का स्क्रूटनी में केस आ गया था.. वह चक्कर काट काट कर बेहाल हो गया था..
वो जमाने गये.. आजकल फेसलैस असेसमेंट है। घर बैठे ऑनलाइन आपकी हर समस्या का निवारण हो जाता है।
यानि हम लोग बेकार में डर रहे थे.. ही ही ही
यह घसीटा राम डरा रहा था.. इस पर परेशान टैक्स लगाना चाहिए .. हा हा हा
मेरा डर जायज था.. पर अब टैक्सा ने सारी बात समझा दी है


पर एक बात अभी भी समझ में नहीं आई?
वह क्या मोटू?
इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट को सारे देश की आयकर सम्बन्धित जानकारी का पता कैसे चलता है?
देश की सारी आई टी आर की जानकारी विभाग के सेन्ट्रालाइज्ड प्रोसेसिंग सेन्टर बैंगलुरू के पोर्टल पर आ जाती है। वहां हर टैक्स भरने वाले की पूरी डिटेल सुरक्षित रखी जाती है। यदि आपको कुछ भी जानना है तो खुद इन्कम टैक्स के पोर्टल पर जाकर अपनी सारी डिटेल्स चैक कर सकते हो
Prestige Alpha



जब हर चीज शीशे की तरह साफ और पारदर्शी है तो डरने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता



मोटू....
हम तो ईमानदारी से पूरा टैक्स चुकाते हैं। यानि हम देश के ईमानदार टैक्स अदाकर्ता हैं


सही कहा.. गलत डर ही गलत काम करवाता है। नये जमाने का इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट.. नये जमाने के आप सब लोग.. फिर डरना नहीं, आगे बढ़ना है


यानि अब मेरी ड्यूटी खत्म। खुद अपना टैक्स भरो। खुश रहो और मुझे भी शान्ति से रहने दो



अब तो सभी खुश होंगे। थैंक्यू टैक्सा। तुमने आकर हमारा डर निकाला और हमें सही जानकारी देकर चिंतामुक्त कर दिया


टैक्सा का काम है खुशी देना। मैं चलता हूं। जब जब होगी टैक्स से जुड़ी परेशानी, तब तब टैक्सा आयेगा लेकर खुशी की कहानी।
बाय बाय टैक्सा


बाद में–
मोटू, तू तो तैरने से डरता था अब इतना साहस कहां से आ गया... हा हा हा
डर के आगे जीत है। इन्कम टैक्स का डर हटा तो दिल में जोश आ गया है। फिर भला तैरना है तो पानी से क्या डरना... हा हा हा
सही कहा! टैक्सा ने डर दूर भगाया और हमें मस्ती करने का रास्ता दिखलाया!
समाप्त

# भूल भुलैया


पतलू को उसका रास्ता ढूंढने में मदद करें।





# इस चित्र में रंग भरें





# अन्य अंक

इस कॉमिक में हम जानेंगे कि इन्कम टैक्स की वेबसाइट पर आप क्या क्या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



75

आज़ादी का
अमृत महोत्सव

